प्रेषक,

गेन्दन लाल
संयुक्त सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
भूतत्व एवं खनिकर्म,
लखनऊ।

भूतत्व एवं खनिकर्म अनुभाग लखनऊ दिनांक 31 मार्च, 2016

विषय- वित्तीय वर्ष 2015-16 में 01 निष्प्रयोज्य वाहन के स्थान पर 01 नया वाहन क्रय किये जाने की स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-3510/एस0-45/2015-16, दिनांक 09.03.2016 द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2015-2016 में के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-4 उद्योग विभाग (खानें और खनिज) के लेखाशीर्षक'' 2853 अलौह खनन तथा धातुकर्म उद्योग-आयोजनेत्तर-02-खानों का विनियमन तथा विकास-001-निदेशन तथा प्रशासन की योजना'' के मानक मद-14-कार्यालय प्रयोगार्थ स्टाफ कारों/मोटर गाड़ियों का क्रय में प्राविधानित धनराशि रू0 30.00 लाख के सापेक्ष निम्न वाहन के क्रय हेतु रू0 4,84,504.00 (रूपये चार लाख चौरासी हजार पॉच सौ चार मात्र) धनराशि की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है :-

क्र0स0	पुराना निष्प्रयोजय वाहन	क्रय हेतु प्रस्तावित नया वाहन	स्वीकृत धनराशि (रूपये में)
1	यू0ए0जी0 8790	Thar DI 2 Wd PS BS3	रू0 4,84,504.00 (रूपये चार लाख चौरासी हजार पॉच सौ चार मात्र)

2. उक्त वाहनों का क्रय स्टोर परचेज/नियमों/शर्तों/प्रतिबन्धों के अनुसार किया जायेगा।

3. डी0जी0एस0 एण्ड डी0 दरों की अनुमन्यता एवं उसकी वैधता, निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म, उ0प्र0 लखनऊ अपने स्तर पर सुनिश्चित कर लेगें।

4. निदेशक भूत्तव एवं खनिकर्म, उ0प्र0 लखनऊ यह भी सुनिश्चित कर लेगे कि उक्त निष्प्रयोज्य वाहनों के स्थान पर पूर्व में वाहन का क्रय नहीं किया गया है।

5. उपरेक्त वाहन के क्रय हेतु प्रस्तावित धनराशि चालू वित्तीय वर्ष कार्यों पर होने वाले व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2015-2016 में के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-4 उद्योग विभाग (खानें और खनिज) के लेखाशीर्षक'' 2853 अलौह खनन तथा धातुकर्म उद्योग-आयोजनेत्तर-02-खानों का विनियमन तथा विकास-001-निदेशन तथा प्रशासन की योजना'' के मानक मद-14-मोटर गाड़ियों का क्रय के नाम डाली जायेगी।

6. यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-6-196/दस-2015, दिनांक 31.03.2016 में प्राप्त उनकी सहमति जारी किया जा रहा है।

भवदीय

(गेन्दन लाल)
प्रमुख सचिव।

<u>संख्या-983(1)/86-2016 तददिनांक -:</u>

प्रतिलिपि, निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यदायी हेतु प्रेषित :-

(1) महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम व द्वितीय उ0प्र0 इलाहाबाद।
(2) कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
(3) वित्त नियंत्रक, भूतत्व एवं खनिकर्म, उ0प्र0 लखनऊ।
(4) निदेशक (सामग्री क्रय अनुभाग) उ0प्र0 कानपुर।
(5) वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-6
(6) वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1, 2 एवं 3
(7) वित्त (लेखा) अनुभाग-1
(8) गार्ड बुक।

आज्ञा से,

(गेन्दन लाल)
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in